2. 150 से 200 बिस्तर वाले अस्पताल — 4,000 रुपये
3. 300 तथा अधिक बिस्तर वाले अस्पताल — 10,000 रुपये

11.6 बीमाकृत व्यक्तियों तथा उनके परिवार के सदस्यों के लिए क०रा०बी० योजना के अन्तर्गत चिकित्सा देख-रेख के भाग के रूप में कृत्रिम अंग, श्रवण साधन, कृत्रिम दांत, चश्मे तथा साइकल सपोर्ट, सर्जिकल वाकिंग कलिपर, पहियों वाली कुर्सी, बैसाखी तथा कारडियक पेसमेकर जैसे कृत्रिम उपकरण की व्यवस्था की जाती है।

योजना के अन्तर्गत लाभाधिकारी डायलेसिस, गुर्दा-बदलवाना तथा हार्ट सर्जरी की सुविधाओं के भी हकदार हैं। यह सुविधा देश के किसी भी भाग में लाभाधिकारी के सामान्य निवास स्थान के निकटतम सरकारी (केन्द्र/राज्य), स्वायत्त या निजी संस्थानों में मामले भेज कर उपलब्ध कराई जाती है।

11.7 पहले बीमाकृत व्यक्तियों के परिवार बीमाकृत व्यक्ति के स्वयं हकदार होने की तारीख से 13 सप्ताह बाद चिकित्सा हितलाभ के हकदार थे लेकिन अब वे बीमाकृत व्यक्ति के स्वयं हकदार होने की तारीख से चिकित्सा हितलाभ के हकदार हैं।

इलाज की अवधि के दौरान योजना से अलग हो जाने वाले बीमाकृत व्यक्तियों के मामले में अब चिकित्सा उपचार बीमारी की अवधि खत्म होने या दीर्घ कालिक रोगों की स्थिति में बीमाकृत व्यक्तियों को (परिवार सदस्यों को छोड़कर) सक्रिय उपचार की आवश्यकता रहने तक बन्द नहीं किया जाता है।

निम्नलिखित परिस्थितियों में बीमाकृत व्यक्तियों के परिवारों के लिए चिकित्सा सुविधाओं का विस्तार किया गया है :—

1. जहां बीमाकृत व्यक्ति किसी एक स्थान पर काम करता है तथा रहता है तथा उसका परिवार दूसरे स्थान पर रहता है और दोनों स्थान कार्यान्वित केन्द्र हैं राज्य में स्थित है।

2. जहां परिवार के सदस्य बीमाकृत व्यक्ति के साथ उसके कार्य के स्थान से छुट्टी पर या अस्थायी स्थानांतरण पर किसी ऐसे अन्य स्थान पर जाते हैं जो उसी राज्य में या किसी अन्य राज्य में एक कार्यान्वित केन्द्र है।

11.8 निगम ने क०रा०बी० अस्पतालों में अंतरंग रोगियों के लिए खुराक की व्यवस्था के मानदण्ड निर्धारित किये हैं। खुराक कैलोरी मूल्य पर निर्धारित की गई है तथा इसके लिए कोई आर्थिक सीमाएं निर्धारित नहीं की गई है।

11.9 निगम ने औषधि/इंजैक्शन के प्रतिकूल प्रभाव के कारण बीमाकृत व्यक्ति या बीमाकृत व्यक्ति के परिवार के सदस्य की मृत्यु, अंकित अपंगता, अंग भाग या अंग के किसी भाग की हानि के मामलों में 5000 रुपये तक अनुग्रही अदायगी करने का निर्णय किया है।

11.10 बीमाकृत व्यक्तियों के परिवारों को उपलब्ध चिकित्सा देख-रेख की किस्म में सुधार के लिए निरन्तर प्रयत्न किए जाते हैं। दिनांक 31-12-1979 तथा 31-10-80 को चिकित्सा देख-रेख की विभिन्न किस्मों में शामिल किए गए कर्मचारी परिवार एककों की संख्या निम्न-प्रकार थी :—

	31-12-1979 को	30-10-1980 को
सीमित चिकित्सा देख-रेख	80,350	23,800
वर्धित चिकित्सा देख-रेख	9,80,560	10,53,800
पूर्ण चिकित्सा देख-रेख	47,94,300	49,17,600
जोड़	58,55,210	59,95,200

11.11 क०रा०बी० लाभाधिकारियों को बेहतर तथा उन्नत चिकित्सा सुविधाओं की व्यवस्था करने की दृष्टि से 1980-81 वर्ष के दौरान विभिन्न प्रकार के अस्पतालों/अनैक्सियों, विशेषज्ञ केन्द्रों तथा औषधालयों में स्टाफ तथा उपस्कर की व्यवस्था के लिए मानकों तथा मानदण्डों में आगे सुधार किए गए हैं।

लगभग 500 बीमाकृत व्यक्ति परिवार एककों के लिए एक लघु क० रा० बी० औषधालय की स्थापना की जा सकती है किसी भी कार्यान्वित केन्द्र में एक डाक्टर वाले औषधालय में एक अतिरिक्त डाक्टर की व्यवस्था करने का निर्णय किया गया है ताकि किसी एक चिकित्सा अधिकारी की अनुपस्थिति की अवधि के दौरान लाभाधिकारियों को निरन्तर देखरेख उपलब्ध हो सके।

11.12 चिकित्सा हितलाभ परिषद् की सिफारिशों के अनुसरण में निगम ने व्यावसायिक स्वास्थ्य तथा जोखिम, सरसीमेंजनिस, आंख की चोट तथा रसायनिक चोटें आदि सहित विभिन्न क्षेत्रों में अनुसंधान के लिए रोचक क्षेत्रों का पता लगाने में भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद् से सहयोग के लिए सम्पर्क किया है।

11.13 अस्पतालों तथा औषधालयों के माध्यम से व्यवस्था की जाने वाली रोगनाशक सेवाओं के अलावा निगम अस्पतालों, विशेषज्ञ केन्द्रों तथा औषधालयों के माध्यम से निम्नलिखित सेवाओं को भी व्यवस्था कर रहा है :—

(1) परिवार कल्याण कार्यक्रम की सुविधाएं

परिवार नियोजन के लिए शिक्षा अभिप्रेरणा तथा सेवाओं की व्यवस्था के संबंध में क०रा०बी० योजना का विस्तार करने के लिए अन्तर्राष्ट्रीय श्रम संगठन द्वारा प्रायोजित तथा यू०एन०एफ०पी०ए० द्वारा वित्त पोषित एक परिवार कल्याण परियोजना वर्ष 1978 से चालू की गई थी। आरम्भ में परियोजना 31-12-1978 तक के लिए मंजूर की गई थी। कार्य का पुनरीक्षण करने तथा इसमें प्रगति को ध्यान में रखते हुए इसके कार्यकलापों का विस्तार 31-12-1979 तक के लिए कर दिया गया था। इसके बाद परियोजना का आगे 31-3-1980 तक के लिए विस्तार कर दिया गया था। अन्तर्राष्ट्रीय/श्रम संगठन/यू०एन०एफ०पी०ए० की सहायता से चलने वाली एक नई परियोजना तैयार की गई है तथा भारत सरकार के विचाराधीन है।

31-3-1980 के बाद यू०एन०एफ०पी०ए० अपनी निधियों में से परिवार नियोजन परियोजना के मौजूदा कार्यकलापों को जारी रखने के लिए सहमत नहीं था। अत: निगम ने परियोजना में निर्दिष्ट कार्यकलापों को 1-4-1980 से आगे की अवधि के दौरान चिकित्सा देख-रेख के भाग के रूप में जारी रखने का निर्णय किया।

राज्यों में योजना पर व्यय चिकित्सा देख-रेख पर व्यय के शेयर योग्य पूल से किया जाता है। केन्द्रीय कक्ष पर व्यय क०रा०बी० निगम द्वारा किया जाता है।

परिवार कल्याण कार्यक्रम के अन्तर्गत उपलब्धियां निम्न प्रकार है :—

	31-12-1979 की स्थिति के अनुसार	31-8-1980 की स्थिति के अनुसार
1 नली बन्दी विस्तरों की संख्या	200	200
2 परिवार कल्याण केन्द्रों की संख्या	180	180

	31-12-1979 की स्थिति के अनुसार	31-8-1980 की स्थिति के अनुसार
3 की गई नसबन्दी	86,604	90,719
4 की गई नली बन्दी	59,945	77,579
5 कुल बन्ध्यकरण	1,46,549	1,68,298
6 आई० यू० सी० डी०	16,574	20,868
7 एम० टी० पी०	12,706	16,988
8 निरोध	41,27,010	53,04,526
9 खाने की गोलियां	2,58,302	3,39,177
10 समान बन्ध्यकरण	1,56,537	1,84,390

(2) बच्चों को संक्रमण रोगों से बचाव के विशेष कार्यक्रम सहित प्रतिरक्षण की सुविधाएं.—प्रतिरक्षण कार्यक्रम उन सभी राज्यों में निरन्तर प्रगति कर रहा है जहां क०रा०बी० योजना कार्यान्वित की जा चुकी है।

11.14 अस्पतालों में सक्रिय चिकित्सा उपचार की आवश्यकता न होने वाले तथा साधारण चिकित्सा व्यवस्था और नर्सिंग देख-रेख आदि द्वारा आवश्यकताएं पूरी की जा सकने वाले रोगियों को सुविधाएं प्रदान करने के लिए निगम ने दस स्वास्थ्य लाभ गृह क्रमशः महाराष्ट्र, पश्चिमी बंगाल, उत्तर प्रदेश, तमिल नाडू, केरल, कर्नाटक, गुजरात, हरियाणा, पंजाब तथा बिहार प्रत्येक में एक के निर्माण का निर्णय किया है।

11.15 क०रा०बी० निगम ने निर्धारित किया है कि क०रा०बी० योजना के अन्तर्गत एलोपैथी से भिन्न अन्य पद्धतियों के अन्तर्गत भी निम्नलिखित परिस्थितियों में चिकित्सा देख-रेख की व्यवस्था की जाए :—

1 जहां उस पद्धति के लिए काफी संख्या में कामगारों की मांग हो; तथा

2 जहां राज्य सरकार ने उस पद्धति के योग्यताओं को मान्यता दे दी हो विभिन्न पद्धतियों को एक दूसरे के साथ मिलाने की अनुमति नहीं होगी।

11.16 क०रा०बी० योजना के अन्तर्गत आयुर्वैदिक पद्धति की सुविधाओं का विवरण निम्नलिखित है :—

राज्य का नाम	औषधालयों की संख्या	बीमा चिकित्सा अधिकारियों/बीमा चिकित्सा व्यवसायों की संख्या	विशेषज्ञों की संख्या	बिस्तरों की संख्या
दिल्ली	2	2	—	—
गुजरात	53	54	2	20
कर्नाटक	2	2	—	—
केरल	4	4	—	—
बम्बई	—	1,115 (बी० चि० व्यव)	2	30
नागपुर	1	1	—	—
पूना	—	11 (बी० चि० व्यव)	1	20
उत्तर प्रदेश	1	1	—	—

केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना की आयुर्वैदिक फार्मूलरी कर्मचारी राज्य बीमा संस्थाओं में प्रयोग के लिए स्वीकार कर ली गई है।

11.17 जुलाई, 1980 में संपन्न मंत्री सम्मेलन में चिकित्सा की समीक्षा की गई और सुधार की दृष्टि से सम्मेलन में निम्नलिखित सिफारिशें की गई :—

1. विभिन्न राज्यों के लिए क०रा०बी० योजना में चिकित्सा अधिकारियों का अलग संवर्ग बनाना।

2. क०रा०बी० निगम द्वारा निर्धारित रूप में स्टाफ तथा उपस्कर की व्यवस्था से संबंधित मानक लागू करना।

3 क०रा०बी० अस्पतालों में लाभाधिकारियों के लिए क०रा०बी० द्वारा निर्धारित खुराक की मात्रा की व्यवस्था करना।

4 राज्यों में क०रा०बी० संस्थाओं का समय-समय पर निरीक्षण सुनिश्चित करना।

11.18 चिकित्सा हितलाभ परिषद् की सिफारिशों पर अक्तूबर 1980 में राज्य सरकारों को निम्नलिखित सुझाव भी दिए गए है :—

1. विभिन्न क०रा०बी० संस्थाओं में रिक्त पदों को भरा जाए।

2 क०रा०बी० निगम द्वारा अनुमोदित मानकों के अनुसार स्टाफ की व्यवस्था कीजिए।

3. क०रा०बी० लाभाधिकारियों के लिए निर्धारित मानदण्ड के अनुसार अन्तरंग रोगियों को खुराक की व्यवस्था की जाए।

4. राज्यों में क०रा०बी० संस्थाओं का समय-समय पर निरीक्षण सामयिक किया जायेगा।

11.19 निगम ने सामान्य प्रयोजन उप समिति के कार्यकलाप को सक्रिय बनाने का निर्णय किया है। पहले इस वर्ष में औसतन एक दौरा करना होता था लेकिन इसके विपरीत अब वर्ष में 4 राज्यों का दौरा करना होता है। चालू वर्ष के दौरान समिति बिहार तथा तमिल नाडु का दौरा कर चुकी है तथा फरवरी, 1981 में पंजाब-हरियाणा और चण्डीगढ़ संघ राज्य क्षेत्रों का दौरा करने वाली है।

11.20 क०रा०बी० निगम में स्थापित उप समिति ने बीमा चिकित्सा व्यवसायियों के कार्य तथा उनकी शिकायतों का गहराई से अध्ययन किया है और पेनल क्षेत्रों में चिकित्सा सेवाओं के सुधार के लिए अनेक सिफारिशें की हैं।

11.21 क०रा०बी० योजना के लाभाधिकारियों के लिए मानक तथा पर्याप्त औषधियों की नियमित पूर्ति सुनिश्चित करने के लिए निगम ने ख्याति प्राप्त औषधि निर्माताओं के साथ 500 में से अधिक औषधियों के लिए दर ठेका किया है। ये औषधियां पूरे देश में एक समान निश्चित दरों पर क०रा०बी० योजना के राज्य प्राधिकारियों द्वारा ये औषधियां खरीदी जाती हैं।

11.22 कर्मचारी राज्य बीमा अस्पतालों/औषधालयों में उपलब्ध न होने वाले उपचार दवाइयों की लागत की प्रति पूर्ति के लिए बीमाकृत व्यक्तियों के दावों के मामलों में जल्दी निर्णय सुनिश्चित की दृष्टि से राज्य सरकारों को चिकित्सा व्यय की प्रतिपूर्ति के लिए प्रत्येक मामले में 1000 रु० तक की शक्ति प्रदान की गई है।

11.23 निम्नलिखित आकड़े बीमाकृत व्यक्तियों तथा उनके परिवारों को चिकित्सा देखरेख सुलभ करने में हुई प्रगति के संबंध में ऊपर पेराग्राफ 7 में दी गई सूचना के पूरक हैं :—

सूचना का स्वरूप	1979-80 (वास्तविक आकड़े)	1980-81 (परिशोधित प्राक्कलन)	1981-82 बजट प्राक्कलन)
1	2	3	4
1. क. अस्पतालों की संख्या			
सामान्य	60	68	74
क्षय रोग	7	8	9
1. ख. अनैक्सियों की संख्या			
सामान्य	20	27	28
क्षय रोग	14	14	15
2. 31-3-80 की स्थिति के अनुसार कर्मचारी राज्य बीमा अस्पतालों तथा अनैक्सियों में चालू किए गए बिस्तरों की संख्या :			
क. अस्पतालों में सामान्य :			
सामान्य	11,300	11,865	12,458
क्षय रोग	1,777	1,865	1,958
ख. अनैक्सियों में			
सामान्य	126	147	470
क्षय रोग	244	296	310
3. सरकारी तथा अन्य मान्यता प्राप्त अस्पतालों में आरक्षित बिस्तरों की संख्या	4765	5015	5255
4. प्रति वर्ष कर्मचारी चिकित्सा देखरेख पर व्यय	107.32 रु०	124.70 रु०	127.20 रु०

अनुबंध 5 में दिया गया विवरण 1970-71 से आगे चिकित्सा देखरेख पर व्यय में कर्मचारी राज्य बीमा निगम के शेयर का सूचक है नकद 2 हितलाभ तथा अन्य हितलाभ।

12.1 नकद हितलाभों पर व्यय नीचे दिया गया है :—

1979-80 (वास्तविक आकड़े)	1980-81 (परिशोधित प्राक्कलन)	1981-82 (बजट प्राक्कलन)
(लाख रुपयों में)		
6355.23	7632.33	7761.46

12.2 बीमारी जैसे हितलाभों के अलावा विभिन्न वर्गों के नकद हितलाभों के लिए पात्र कर्मचारियों द्वारा दिए गए अंशदान की संख्या तथा उनकी मजदूरी की दर पर निर्भर है। मोटे तौर पर बीमारी के कारण नकद हितलाभ मजदूरी का 50 प्रतिशत होता है। अपंगता तथा आश्रितजन हितलाभ की स्थिति में यह मजदूरी का 62.50 प्रतिशत (1-1-81 से 70 प्रतिशत) होता है तथा बीमाकृत महिला कर्मचारी को प्रसूति हितलाभ की स्थिति में मोटे तौर पर पूरी मजदूरी दी जाती है। अन्त्येष्टि खर्चे बीमाकृत व्यक्ति की मृत्यु की स्थिति में 100 रु० की राशि तक दिए जाते हैं।

12.3 इन हितलाभों की अदायगी लगभग सभी औद्योगिक केन्द्रों में जहां योजना कार्यान्वित की गई है, स्थित अपने स्थानीय/भुगतान कार्यालयों की मार्फत निगम द्वारा सीधे बीमाकृत व्यक्तियों या उनके लाभाधिकारियों को दी जाती है। 31 मार्च, 1980 को इस तरह के कार्यालयों की संख्या 694 थी जबकि एक वर्ष पहले यह संख्या 684 थी। नकद हितलाभों पर व्यय का भार अनेक तथ्यों, यानी स्वास्थ्य की स्थिति, औद्योगिक शान्ति और कामगरों की हितलाभों आदि की अपनी हकदारी के बारे में जानकारी पर निर्भर करता है। अतः कोई वास्तविक लक्ष्य निश्चित करना संभव नहीं है। कुल मिला कर 1979-80 वर्ष के दौरान कुल-मिलाकर 85.47 लाख अदायगियां (इनमें स्थायी अपंगता हितलाभ दावों के रूपान्तरण के लिए अनुरोध के संबंध में एक मुश्त अदायगी से संबंधित 10,477 दावे शामिल हैं) की गई हैं। ये पिछले वर्ष के मुकाबले 6.00 लाख अधिक थी। औसतन 7.12 अदायगियां प्रति मास की गई जबकि 1978-79 वर्ष में 6.22 लाख अदायगियां प्रति मास की गई थीं। 1976-77 के 1.17 के मुकाबले प्रति कर्मचारी अदायगियों की संख्या बढ़कर 1977-78 में 1.33, 1978-79 में 1.43 और 1979-80 में 1.15 हो गई है।

12.4 नकद हितलाभों के विभिन्न वर्गों के अन्तर्गत व्यय का ब्यौरा नीचे दी गई सारणी में दिया गया है :—

	1979-80 वास्तविक आंकड़े		1980-81 परिशोधित प्राक्कलन		1981-82 बजट प्राक्कलन	
	कर्मचारियों की संख्या का भारित औसत आंकड़े (आंकड़े लाखों में)	राशि (लाख रु० में)	कर्मचारियों की संख्या का भारित औसत आंकड़े (आंकड़े लाखों में)	राशि (लाख रु० में)	कर्मचारियों की संख्या का भारित औसत (आंकड़े लाखों में)	राशि (लाख रु० में)
बीमारी हितलाभ	56.77	43,03.27	59.41	46,57.13	60.53	18,73.20
विस्तारित बीमारी हितलाभ	56.77	3,25.98	59.41	3,65.27	60.53	3,83.15
प्रसूति हितलाभ	56.77	194.91	59.11	2,14.61	60.53	2,25.10
अस्थायी अपंगता हितलाभ	58.99	6,93.68	60.75	8,74.40	62.49	10,34.20
स्थायी अपंगता हितलाभ	58.99	6,50.83	60.75	10,56.45	62.19	8,86.30
आश्रितजन हितलाभ	58.99	1,76.48	60.75	4,53.70	62.49	3,33.26
अन्त्येष्टि हितलाभ	58.99	10.08	60.75	10.77	62.49	11.25
शवलता हितलाभ	—	—	—	—	62.49	10.00
कुल नकद हितलाभ		63,55.23		76,32.33		77,60.46

12.5 नकद हितलाभों में निम्नप्रकार सुधार किया गया है :

31-3-1975 को या इससे पहले अपंग या मृत हो गये (1) स्थायी रूप से अपंग बीमाकृत व्यक्तियों के आश्रितों को क्रमश स्थायी अपंगता हितलाभ तथा आश्रितजन हितलाभ अदायगियों में 1-10-1977 से वृद्धि करके 10 प्रतिशत से 20 प्रतिशत कर दिया गया था ताकि निर्वाह व्यय में वृद्धि के लिए उनकी प्रतिपूर्ति की जा सके। इसके बाद 31-3-1978 को या इससे पहले अपंग मृत हो गए सभी मामलों के लिए 1-4-1980 से ऐसे मामलों में आगे वृद्धि की गई है जो निम्न प्रकार है —

क. ऐसे मामले जिनमें अपंगता या मृत्यु 31-3-1975 या पहले हुई है। — मूल राशि का 20 प्रतिशत (जिसमें इससे 1-10-77 से मंजूर की जा चुकी वृद्धि को छोड़ कर)

ख ऐसे मामले जिनमें अपंगता या मूल राशि का 15 प्रतिशत मृत्यु 1-1-1975 तथा 31-3-78 के बीच हुई हो।

2. 1968 में दैनिक मानक हितलाभ दर के ऊपर 25 प्रतिशत बढ़ाई गई रोजगार चोट हितलाभ की दर में 1-1-1981 से दैनिक मानक हितलाभ दर के ऊपर 40 प्रतिशत वृद्धि की गई है।

3 1-1-1981 से बीमारी हितलाभ दर पर (यानी औसत दैनिक मजदूरी का) लगभग 50 प्रतिशत पुनर्वास भत्ता आरम्भकिया गया है जो अपंग बीमाकृत व्यक्तियों को रहने की अवधि के लिए दिया जाता है। कृत्रिम अंग लगवाने, मरम्मत कराने या बदलवाने आदि के लिए कृत्रिम अंग केन्द्र में दाखिल।

4 गैर रोजगार चोट के मामलों के कारण अशक्तता के मामलों में नकद हितलाभ की अदायगी के लिए अशक्तता हितलाभ की योजना का निगम द्वारा अनुमोदन किया जा चुका है तथा क०रा० बी० अधिनियम के संशोधन की प्रतीक्षा की जा रही है।

5. रोजगार चोट हितलाभ देने के लिए क०रा० बी० अधिनियम, 1948 की तीसरी अनुसूची में उल्लिखित व्यावसायिक रोगों की सूची में 12 अतिरिक्त रोग जोड़े गए हैं।

6. नसबन्दी/नली बन्दी आपरेशन कराने वाले बीमाकृत व्यक्तियों के परिवार कल्याण योजना के लिए प्रोत्साहन के रूप में स्वीकार्य साधारण बीमारी हितलाभ के 91 दिनों के अलावा नसबन्दी/नलीबन्दी आपरेशन कराने के लिए वर्धित बीमारी हितलाभ स्थायी आधार पर दिया जाता रहेगा।

7. अन्य नकद हितलाभों के मामले की तरह मनी आर्डर द्वारा प्रेषण की सुविधा का विस्तार अन्त्येष्टि खर्चों पर भी कर दिया गया है।

8. क०रा०बी० (साधारण) विनियम, 1950 के अन्तर्गत स्थायी अपंगता हितलाभ के रूपांतरण की एक मूल्य राशि निर्धारित करने की तालिका धातृ मृत्यु दर तथा हित के अनुभव के आधार पर परिशोधित की गई थी।

9. चिकित्सा बोर्ड के समक्ष उपस्थित होने वाले बीमाकृत व्यक्तियों के लिए वाहन खर्चों की दर सामान्य बस या रेल खर्चों की सीमा के अधीन 25 पैसे प्रति मील से बढ़ाकर 0.30 पैसे प्रतिकिलो मीटर कर दी गई। बीमाकृत व्यक्ति के बस या वाहन के अन्य साधारण साधनों द्वारा यात्रा करने में समर्थ न होने या परिचर की आवश्यकता होने पर दोनों ओर की यात्रा के लिए प्रति किलो मीटर या उसके भाग के लिए एक रुपये की दर तक उसके द्वारा किए गए वास्तविक खर्चों की अनुमति दी जाती है।

12.6 1980-81 के परिशोधित प्राक्कलन में विभिन्न नकद हितलाभों के लिए की गई 76,32.33 लाख रु० की व्यवस्था 1980-81 वित्तीय वर्ष के पहले 8 माह के वास्तविक आंकड़ों की प्रगति तथा शेष महीनों के लिए प्रत्याशित आवश्यकता पर आधारित है।

बीमारी हितलाभ के मामले में प्रति वर्ष प्रति कर्मचारी हितलाभ दिनों की औसत संख्या में वृद्धि का रुख रहा है। प्रति कर्मचारी बीमारी तथा अस्थायी अपंगता हितलाभ की दैनिक दर की राशि में भी वृद्धि का रुख रहा है जैसा कि नीचे दिया गया है :—

	बीमारी हितलाभ			अस्थायी अपंगता हितलाभ		
	1977-78	1978-79	1979-80	1977-78	1978-79	1979
प्रति वर्ष प्रति कर्मचारी हितलाभ दिनों की औसत संख्या	6.0	6.8	7.8	0.97	1.13	1.10
प्रति कर्मचारी दैनिक औसत हितलाभ दर	8.31	8.92	9.54	9.39	10.10	10.72

1980-81 के परिशोधित प्राक्कलनों में वर्धित व्यवस्था बीमारी हितलाभ तथा अस्थायी अपंगता हितलाभ के मामले में मुख्य रूप से प्रति वर्ष कर्मचारी हितलाभ दिनों की औसत संख्या में वृद्धि के कारण है।

इसके अलावा 1-4-1978 से पहले हुई अपंगता या मृत्यु के मामलों में 1 अप्रैल, 1980 से स्थायी अपंगता हितलाभ तथा आश्रितजन हितलाभ की दरों में वृद्धि के कारण भी अधिक धन व्यवस्था आवश्यक हो गई है।

1980-81 के परिशोधित प्राक्कलनों में वृद्धि के कारण एक मुश्त समायोजन के रूप में 4,50.00 लाख रुपये की व्यवस्था है। प्राक्कलनों में 1-1-81 से अपंगता तथा आश्रितजन हितलाभ की दरों में मानक हित लाभ दर की 125 प्रतिशत से 140 प्रतिशत तक वृद्धि को भी ध्यान में रखा गया है।

महानिदेशक विभिन्न केन्द्रों पर बीमारी हितलाभ दावों पर लगातार निगरानी रखे हुए हैं। मुख्यालय में प्रतिमास प्राप्त संगत आकड़ों का समय-समय पर विश्लेषण किया जाता है और यदि किसी केन्द्र पर असामान्य अन्तर पाया जाता है तो क्षेत्रीय निदेशकों तथा प्रशासनिक चिकित्सा अधिकारियों से पूछताछ की जाती है ताकि जहां कहीं आवश्यक और संभव हो वे उपयुक्त तथा तत्काल सुधार के उपाय कर सकें।

राज्य सरकारों को यह भी सलाह दी गई है कि वे शिथिल प्रमाण न कम करें तथा आवश्यक आंकड़े मंगाकर नियंत्रण रखें। हड़ताल, काम बन्दी आदि के दौरान के प्रश्न पर विचार करने के लिए एक समिति का गठन किया गया था। उस समिति की रिपोर्ट निगम की स्थायी समिति के समक्ष रखी जा रही है।

बीमारी हितलाभ दावों तथा अस्थायी अपंगता हितलाभ दावों के व्यय-भार तथा अवधि के संबंध में विभिन्न राज्यों में परस्पर काफी अन्तर देखा गया है। विभिन्न राज्यों में नकद हितलाभों में अन्तर के विश्लेषण से संबंधित मामले पर ध्यान दिया जा रहा है।

12.7. नकद संवितरण कार्यालयों की स्थापना प्रभार लागत का व्यय भार नीचे दिया गया है—

	1978-79 (वास्तविक आंकड़े)	1979-80 (वास्तविक आंकड़े)	1980-81 (परिशोधित प्राक्कलन	1981-82 बजट प्राक्कलन)
नकद संवितरण कार्यालयों के स्थापना प्रभार	3,97.13	4,22.78	5,38.38	5,81.45
संवितरित नकद हितलाभों की कुल राशि के साथ स्थापना प्रभारों की प्रतिशतता	7.52 प्रतिशत	6.97 प्रतिशत	7.05 प्रतिशत	7.49 प्रतिशत
प्रति कर्मचारी प्रति वर्ष व्यय	6.99 रु०	7 50 रु०	8.86 रु०	0.30 रु०

13.1 अन्य हितलाभों पर व्यय निम्न प्रकार है : —

1979-80 (वास्तविक आंकड़े)	1980-81 (परिशोधित प्राक्कलन)	1981-82 (बजट प्राक्कलन)
		(लाख रुपयों में)
17.32	20.33	22.14

13.2 इस कार्यकलाप में चिकित्सा-बोर्ड तथा अपीली चिकित्सा अधिकरण के सदस्यों को फीस की अदायगी, बीमाकृत कामगारों को चिकित्सा निर्देशों, चिकित्सा बोर्ड या अपीली चिकित्सा अधिकरण के समक्ष उपस्थित होने के लिए भेजे जाने की स्थिति में सवारी खर्च तथा मजदूरी की हानि के लिए मुआवजे की अदायगी आती है। बीमाकृत कामगारों के प्रत्यक्ष हितलाभ के लिए निगम द्वारा किए गए अन्य विधि व्यय भी इस कार्यकलाप के अन्तर्गत आते हैं।

3—निवेशन, अधीक्षण तथा फील्ड कार्य

14.1 बजट व्यवस्था निगम मुख्यालय, इसके विभिन्न क्षेत्रीय कार्यालयों तथा स्थानीय कार्यालयों में तैनात अधिकारियों तथा कर्मचारियों के वेतन आदि के संबंध में है। इसमें संगठन एवं पद्धति शाखा तथा अधिकारियों और कर्मचारियों की विचार गोष्ठियों आदि तथा प्रशिक्षण पाठ्यक्रम का प्रबंध करने के लिए स्थापित किए गए विभिन्न केन्द्रों का व्यय भी शामिल है।

14.2 कार्मिक सारांश निम्न प्रकार है :—

	31-3-1980 की वास्तविक संख्या	31-3-1981 को अनुमानित संख्या	31-3-1982 को अनुमानित संख्या
अधिकारी	401	418	549
अन्य कार्मिक	9936	10,266	10,645

14.3 17-2-1980 को हुई बजट तथा लेखा उप समिति की बैठक में व्यय में शिकायत के प्रश्न पर विस्तार से चर्चा की गई थी। यह स्पष्ट किया गया कि कर्मचारियों की व्यवस्था के लिए मानक निर्धारित हैं और किसी भी यार्डस्टिक द्वारा निगम का प्रशासनिक व्यय अधिक नहीं है। इसके अलावा निगम ने यथासंभव लागू होने पर शिकायत के संबंध में भारत सरकार के सभी अनुदेशों को अपनाया है। इस विषय पर एक ब्यौरेवार टिप्पणी दिनांक 21 सितम्बर, 1979 को हुई निगम की स्थायी समिति की बैठक में भी प्रस्तुत की गई थी।

4—अस्पताल तथा औषधालय भवनों का मूल्यह्रास, मरम्मत तथा अनुरक्षण

15 (निगम के अस्पताल तथा औषधालय भवनों के मूल्यह्रास सहित) मरम्मत तथा अनुरक्षण पर व्यय नीचे दिखाया गया है।

	1979-80 (वास्तविक आंकड़े)	1980-81 (परिशोधित प्राक्कलन)	1981-82 (बजट प्राक्कलन)
			(लाख रुपयों में)
अस्पताल/औषधालय/अनेक्सियां	186.77	253.86	291.90

ये आंकड़े इस उद्देश्य के लिए निर्धारित प्रतिशतता के अनुसार संबंधित आरक्षित निधियों में अंतरित/अंतरण योग्य राशियों के सूचक हैं। व्यय वास्तव में आरक्षित-निधियों में से किया गया है।

5—पूंजीगत निर्माण कार्य

16.1 पूंजीगत निर्माण कार्यों के लिए नीचे दी गई धन-व्यवस्था आवश्यक होगी।

	1979-80 (वास्तविक आंकड़े)	1980-81 (परिशोधित प्राक्कलन)	1981-82 (बजट प्राक्कलन)
			(लाख रुपयों में)
कार्यालय भवन (स्टाफ क्वार्टरों सहित)	84.78	1,07.92	1,08.19
अस्पताल/औषधालयों (स्टाफ क्वार्टरों सहित)	5,79.02	7,42.08	7,41.81
जोड़	6,63.80	8,50 00	8,50.00

अनुबन्ध 4 में विवरण उन निर्माण परियोजनाओं का सूचक है जिनके लिए 1980-81 के बजट प्राक्कलनों में की गई धन-व्यवस्था का इस्तेमाल नहीं किया गया।

16.2 कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 के अन्तर्गत चिकित्सा योजना को चलाना राज्य-सरकारों की सांविधिक जिम्मेदारी है। अतः कर्मचारी राज्य बीमा अस्पतालों तथा औषधालयों के लिए आवश्यक भवनों की व्यवस्था करना उनका कार्य है* शुरूआत में, निगम के पास व्यय से अधिक आय का काफी अतिशेष था जबकि राज्य सरकारों के पास आवश्यक भवनों के निर्माण के लिए पर्याप्त साधन नहीं थे। इसके फलस्वरूप योजना को अधिक प्रगति नहीं हो रही थी। अतः निगम ने अपने कार्यालयों तथा कर्मचारी राज्य बीमा अस्पतालों तथा औषधालयों के लिए भवन निर्माण में व्यय से अधिक अपनी आय के उपलब्ध अधिशेषों का निवेश करने का निर्णय किया।

16.3 निगम ने 2 फरवरी तथा 3 दिसम्बर, 1974 को हुई अपनी बैठकों में विभिन्न राज्यों में कर्मचारी राज्य बीमा परियोजना के पूंजीगत निर्माण कार्यक्रम का पुनरीक्षण किया तथा निम्नलिखित रूप में अनुमोदन किया :—

(1) अंशदानों से प्राप्त कुल राजस्व का 10 प्रतिशत पूंजीगत निर्माण आरक्षित निधि में जमा किया जाए तथा अस्पतालों, औषधालयों तथा अन्य चिकित्सा संस्थानों और कार्यालय भवनों तथा स्टाफ क्वार्टरों के निर्माण पर होने वाला व्यय 8.2 के अनुपात में किया जाये।

(2) अतिरिक्त अस्पतालों/अनैक्सियों के लिए प्लान तथा प्राक्कलन मंजूर किए जाए ताकि नई परियोजनाएं मंजूर करते समय यथा-अनुमोदित प्रति 1000 कर्मचारी 5 बिस्तर तक व्यवस्था की जा सके। आमतौर पर पहले निश्चित की गई प्रति 1000 कर्मचारी 4 बिस्तर की सीमा से अधिक व्यवस्था नहीं की जाएगी और केवल आपवादिक मामलों में यह सुनिश्चित करने के बाद अतिरिक्त बिस्तर मंजूर किए जाएंगे कि उस क्षेत्र में मौजूदा कर्मचारी राज्य बीमा अस्पतालों में बिस्तरों के अधिभोग पर आधारित अस्पताल सुविधाओं की आवश्यकता होने वाली बीमारियों के भार के आधार पर अतिरिक्त बिस्तरों की अत्यधिक आवश्यकता है। अस्पताल बिस्तरों पर व्यय 200 रुपये प्रति "योजना में आए" कर्मचारी सीमा की शर्त के अधीन है।

(3) भूमि प्राप्त करने के उद्देश्य से स्वीकार्य बिस्तरों की संख्या का हिसाब लगाने के लिए प्रस्ताव की मंजूरी की तारीख को अगले 2 वर्षों में योजना के अन्तर्गत आने के लिए संभावित अतिरिक्त कर्मचारियों की भी गणना की जाए। लेकिन कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम की धारा 1(5) के अन्तर्गत राज्य-सरकार द्वारा अधिसूचना जारी किए जाने के ही अतिरिक्त बिस्तरों के निर्माण के लिए प्लान तथा प्राक्कलन मंजूर किए जाएं।

(4) औषधालय, विशेषज्ञ केन्द्र, प्रशासनिक चिकित्सा अधिकारी, चिकित्सा भण्डार आदि के लिए कार्यालय जैसे अन्य भवनों के निर्माण के लिए प्लान तथा प्राक्कलन प्रति व्यक्ति आधार की किसी सीमा के बिना प्रत्येक मामले के गुण-दोष के आधार पर मंजूर किए जा सकते हैं क्योंकि ऐसे निर्माण कार्यों पर बहुत कम व्यय होता है।

16.4 मंजूर की गई निधियों, निर्माण एजेंसियों के लिए निर्धारित निधियों और आवश्यक होने वाली अनुमानित राशि के संबंध में सूचना सहित अस्पताल बिस्तरों, औषधालयों तथा कार्यालय भवनों के लिए पूंजीगत निर्माण कार्यक्रम की स्थिति नीचे दी गई है।

(क) अस्पताल बिस्तर

	संख्या
मानकों के अनुसार स्वीकार्य बिस्तरों की संख्या (31-3-80 को कर्मचारियों की संख्या के आधार पर	23,972
पहले निर्मित बिस्तरों की संख्या सितम्बर, 1980 (68 अस्पताल तथा 31 अनैक्सियों)	15,446
निर्माणाधीन बिस्तरों की संख्या सितम्बर 1980 (21 अस्पताल तथा 9 अनैक्सियां)	3,420
पहले स्वीकृत बिस्तरों की संख्या (49 अस्पताल तथा एक अनैक्सी)	4,137
अभी अपेक्षित बिस्तरों की संख्या	829

(ख) औषधालय

इस समय निर्माण योग्य औषधालयों की संख्या	850
पैनल प्रणाली बदले जाने की स्थिति में	499
पैनल क्षेत्रों में आवश्यक होने वाले	(अनुमानित)
औषधालयों की संख्या	
औषधालयों की कुल संख्या	1,349
निर्मित औषधालयों की संख्या (30-9-80 की स्थिति के अनुसार)	206
निर्माणाधीन औषधालयों की संख्या (30-9-80 की स्थिति के अनुसार)	56
अभी निर्माण किए जाने वाले औषधालयों की संख्या	1,087

(ग) उपर्युक्त "क" तथा "ख" के मामले में वित्तीय परिव्यय

सितम्बर 1980 तक मंजूर की गई राशि	91,75.22	लाख
सितम्बर 1980 तक मुक्त की गई राशि	76,76.38	लाख
शेष देयता	14,98.84	लाख

निर्माण की जाने वाली परियोजनाओं के लिए अतिरिक्त देयता

(1) अस्पताल बिस्तर 5,066 बिस्तर* 1.00 रु० लाख बिस्तर की लागत	50 66 00	(लाख)
(2) 1087 औषधालय* 10.00 लाख रुपये प्रत्येक औषधालय की लागत	1,08,70.00	लाख
(3) स्वास्थ्य लाभ गृह	5,00.00	लाख
कार्यालय भवनों तथा स्टाफ क्वार्टरों के लिए परिव्यय	30,00.00	लाख
कुल देयताएं	2,09,31 84	लाख

राज्य सरकारों तथा क्षेत्रीय निदेशकों से निवेदन किया गया है कि वे निर्माण कार्य का सघन कार्यक्रम चलाएं। इस संबंध में निर्माणाधीन परियोजनाओं के मामले में की गई प्रगति तथा निर्मित अस्पतालों को चालू करने के संबंध में भी अत्यधिक पुनरीक्षण किया जाता है।

पहले जब महाराष्ट्र सरकार कर्मचारी राज्य बीमा अस्पतालों का अपनी सम्पत्ति के रूप में निर्माण कर रही थी तो 3,62,14 लाख रुपये की राशि उक्त सरकार को कर्जे के रूप में चुकाई गई थी। इसके अलावा 1,00 00 लाख रुपये की राशि महात्मा गांधी मेमोरियल अस्पताल, बम्बई को सहायता अनुदान के रूप में दी गई थी।

निर्माण कार्यों का कार्यक्रम (चल रहे निर्माण कार्यों सहित) अनुबंध III में दिया गया है। लगभग 2497 बिस्तर वाले 33 अस्पताल तथा 2 अनैक्सी और 31 औषधालय भवनों का निर्माण 1981-82 में शुरू किये जाने की संभावना है जबकि कुछ अधिक अस्पताल, अनैक्सियां, औषधालय मंजूर किये जा सकते हैं।

16.5 30 सितम्बर, 1980 तक स्टाफ क्वार्टरों सहित औषधालय तथा अस्पतालो के लिए भूमि के अर्जन तथा भवन के निर्माण पर 76.76 लाख रुपये (जिसमें अस्पतालों आदि के निर्माण के लिए महाराष्ट्र राज्यो को मंजूर किए गए 3,62.14 लाख रुपये के कर्जे शामिल है) पूंजीगत व्यय हुआ ।

तुलन-पत्र

17.1 31 मार्च 1980 की स्थिति के अनुसार तुलन-पत्र का सारांश नीचे दिया गया है :—

	देयताएं (लाख रुपयों में)
व्यय से अधिक आय	1,67,56.74
आरक्षित निधियां	1,92,25.44
चालू देयताएं	28.27
(प्रतिभूतियों की जमा राशि, भविष्यनिधि में अंशदायी जमा, विविध जमा आदि)	
जोड़	3,60,10.45

	परिसम्पत्तियां (लाख रुपयो में)
स्थिर परिसम्पत्तियां	54,90.80
भूमि तथा भवन	
निर्माण कार्य के लिये पेशगियां	17,76.80
स्टाफ कार	5.65
चालू परिसम्पत्तियां	
(कर्मचारियों को पेशगियां तथा भवनों की मरम्मत व अनुरक्षण के लिए पेशगियां आदि)	7,84.26
मार्गस्थ रोकड़	(—) 3,86.68
आरक्षित निधियों का निवेश	1,43,36.86
रोकड़ शेष तथा सामान्य रोकड़ शेष का निवेश	1,40,02.76
जोड़	3,60,10.45

17.2 कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 की धारा 37 के अनुसार निगम को 5 वर्ष के अन्तराल पर केन्द्रीय सरकार के अनुमोदन से नियुक्त मूल्यांकन द्वारा अपनी परिसम्पत्तियों और देयताओं का मूल्यांकन कराना होगा । 31 मार्च, 1979 को समाप्त पंचवार्षिक अवधि का मूल्यांकन इस उद्देश्य के लिए नियुक्त मूल्यांकक द्वारा शुरू किया गया है ।

अन्य रोचक मामले

18.1 1980-81 वर्ष के दौरान संगठन एवं पद्धति प्रभाग ने

(क) अंशदानो की नकद वसूली की कार्य विधि

(ख) जिन क्षेत्रो में कर्मचारियो की संख्या कम है तथा उसके अनुपात मे नियोजकों की संख्या बहुत अधिक है उनमें कुछ उच्च श्रेणी लिपिको/निम्न श्रेणी लिपिकों की व्यवस्था के सीमित फार्मूला ।

(ग) कुछ स्थानीय कार्यालयों में मनीआर्डर द्वारा अंशदायिया आरम्भ करने के फलस्वरूप कार्यभार

(घ) बड़े हितलाभ अदायगी खातों से छोटे हितलाभ खातो में हस्तान्तरण के सम्बन्ध में अध्ययन रिपोर्ट प्रस्तुत की गई । मानक तथा मानदण्ड तैयार किये । इसके अलावा 5 उपविषयों का भी अध्ययन किया गया । 1981-82 के लिये नौ अन्य परियोजनाओं का चयन किया गया जिनमें (क) अंशदान कार्ड समाप्त करने (ख) ग्रेड 2, 3, 4 क्षेत्रीय कार्यालयो मे विभिन्न कर्मचारियों के लिये मानक तथा मानदण्ड तैयार करने और

(ग) क्षेत्रीय कार्यालयो में राजस्व वसूली शाखाओं का अध्ययन शामिल हैं ।

18.2 निर्णय कार्यविधि को गतिशील बनाने तथा शक्तियों का अधिक विकेन्द्रीकरण किए जाने की विचारधारा को अपनाते हुए भी निगम के अधिकारियों को प्रदत्त शक्तियो के प्रत्यायोजन का पुनरीक्षण किया जाता रहा है तथा उल्लिखित सीमा तक मौजूदा शक्तियों को उदार बनाते हुए आगे प्रत्यायोजन किया गया ।

18.3 निगम की वेतन समिति की सिफारिशों पर केन्द्रीय सरकार ने 1-6-1980 से निगम के कर्मचारियों द्वारा दो कलैण्डर वर्षों के ब्लाक में एक महीने की छुट्टी की नकद भुगतान की सुविधा प्रदान करने का अनुमोदन किया ।

18.4 1980-81 वर्ष के दौरान केन्द्रीय सरकार ने निगम के कर्मचारियों के लिए उत्पादकता से जुड़े बोनस की अदायगी की योजना प्रारम्भ करने का निर्णय किया । लेकिन ऐसी योजना तैयार किए जाने तक सरकार ने निगम के 1600 रुपये मासिक तक वेतन प्राप्त करने वाले (प्रतिपूरक भत्तों को छोड़कर) तथा 29-2-1980 को निगम की सेवा में होने वाले कर्मचारियों के लिए 1979-80 वर्ष के संबंध में 15 दिन के वेतन के बराबर तदर्थ अदायगी मंजूर की ।

18.5 मुख्य रूप से (क) अभिलेख रखने, खासतौर पर राजस्व वसूली के पहलुओं से संबंधित रिकार्ड रखने में सुधार (ख) राजस्व वसूली कार्रवाई को कुल मिलाकर स्वचालित बनाने के लिए प्रवेशन तथा कार्य-प्रक्रिया में सुधार के लिए प्रबंधोपाय के सुझाव देने के लिए एक कार्यचालन ग्रुप स्थापित किया गया था कार्यचालन ग्रुप की रिपोर्ट सभी क्षेत्रो निदेशको के विचार प्राप्त करने के लिए परिचालित की गई थी तथा दिसम्बर, 1980 में संपन्न क्षेत्रीय निदेशकों के सम्मेलन में भी विचार विमर्श किया गया था । निष्कर्षों पर कार्रवाई की जा रही है ।

18.6 निगम के कार्यालयो में इस्तेमाल मे आने वाले विभिन्न फार्मों के युक्तिकरण तथा मानकीकरण के लिए निगम मुख्यालय मे एक फार्म पुनरीक्षण तथा नियंत्रण एकक स्थापित किया गया था । इस प्रयोजन के लिए गठित अधिकारियों की समिति ने 172 संहिताबद्ध फार्मों का पुनरीक्षण किया तथा अपनी सिफारिशें की ।

सिफारिशो के कार्यान्वयन की कार्रवाई की जा रही है ।

18.7 सामान्य कार्यालय कार्यविधि नियम पुस्तक का मसौदा तैयार किया गया है तथा शीघ्र प्रकाशित किया जायेगा ।

18.8 भारतीय स्टेट बैंक की अनुमोदित शाखाओं तथा राष्ट्रीयकृत बैंको द्वारा टिकटो की बिक्री के माध्यम की बजाय अंशदानों की नकद वसूली 1975 मे सबसे पहले दिल्ली में प्रयोग के रूप में प्रारम्भ की गई थी । इसके बाद कुछ अन्य क्षेत्रो मे इसका विस्तार चरणो मे किया गया । संगठन एवं पद्धति प्रभाग द्वारा राजस्थान, कर्नाटक तथा आन्ध्र प्रदेश क्षेत्रों मे प्रणाली का मूल्यांकन अध्ययन किया गया और इसे संतोषजनक पाया गया । तदनुसार सभी क्षेत्रों में इस प्रणाली का विस्तार करने का निर्णय किया गया । निगम के सभी क्षेत्रो ने अब अंशदानो की नकद वसूली शुरू कर दी है ।

18.9 योजना मे शामिल कर्मचारियो का वार्षिक निर्धारण क० रा० की योजना के कार्यचालन के अनुरूप है । निर्धारण की प्रक्रिया में सुधार के लिए कदम उठाए गए है/उठाए जा रहे है ।

18.10 कुछेक क्षेत्रो मे (1) कारखानों/स्थापनाओं के सर्वेक्षण, निरीक्षण (2) व्याप्ति या अंतिम व्याप्ति के संबंध में निर्णय (3) अंशदानो की देर से अदायगी के लिए डिक हर्जानों की उगाही से संबंधित कार्य का बकाया है इन बकायो का निपटान करने के प्रयास किए जा रहे है ।

18 11 19 तथा 20 जुलाई, 1980 को हुए श्रम मंत्री सम्मेलन मे विचार विमर्श के दौरान अंशदान बकायो का प्रश्न उठाया गया। सम्मेलन की सिफारिशो को दृष्टिगत रखते हुए कुछ मदो पर कार्रवाई की जा चुकी है शेष मदो पर राज्य सरकारो के साथ कार्रवाई की जा रही है। मामले पर दिसम्बर, 1980 मे सम्पन्न क्षेत्रीय निदेशको के सम्मेलन मे भी विचार किया गया था तथा की गई कुछ सिफारिशो पर कार्रवाई की जा रही है।

18 12 निगम मे आन्तरिक लेखा-परीक्षा प्रणाली को अधिक मजबूत बनाया गया है ताकि इसे एक उद्देश्य पूर्ण प्रबन्ध यंत्र बनाया जा सके।

18 13 दिसम्बर, 1980 मे सपन्न क्षेत्रीय निदेशको के सम्मेलन मे बकाया लेखा-परीक्षा आपत्तियो के शीघ्र निपटान से सबधित मामले पर विचार किया गया। इस बात पर जोर दिया गया कि अनुदेशो के अनुसार छह महीने की अवधि के अन्दर बकाया लेखा-परीक्षा आपत्तियो के निपटान के लिए तुरन्त कदम उठाये जाए।

18 14 केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान तथा इसके चार जोनल प्रशिक्षण केन्द्रो ने अप्रैल-दिसम्बर, 1980 के दौरान 53 प्रशिक्षण पाठ्यक्रमो का आयोजन किया जिनमे विभिन्न स्तर के 1021 भाग लेने वालो को प्रशिक्षण दिया गया। जनवरी-मार्च, 1981 के दौरान अन्य 17 पाठ्यक्रमो के आयोजन की योजना है जिनमे 445 भाग लेने वालो को प्रशिक्षित किए जाने का प्रस्ताव है।

अक्टूबर-नवम्बर, 1980 के दौरान मलेशिया सरकार के सामाजिक सुरक्षा संगठन के छह अधिकारियो ने मुख्यालय तथा निगम के कुछ क्षेत्रीय कार्यालयो मे कर्मचारी राज्य बीमा योजना मे प्रशिक्षण प्राप्त किया।

श्रम मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव, स्थायी समिति मे नियोजको के एक प्रतिनिधि तथा कर्मचारियो के एक प्रतिनिधि को शामिल करते हुए गठित की गई समिति ने प्रशिक्षण कार्यक्रम का मूल्यांकन किया। अन्य बातो के अलावा समिति ने निम्नलिखित सिफारिशे की है।

1 प्रत्येक 3-4 वर्षों के बाद पुनश्चर्या का पाठ्यक्रमों का आयोजन किया जाए ताकि प्रशिक्षार्थियो को नवीनतम गतिविधियो की जानकारी रह सके।

2 व्याख्यानो के अलावा सामूहिक चर्चा तथा समस्या समाधान सत्रो का आयोजन किया जाए ताकि प्रशिक्षार्थियो के बीच भाग लेने की अधिक भावना तथा प्राप्त प्रशिक्षित अधिक प्रशसा की भावना बनी रहे।

3 केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान को समय समय पर सामाजिक सुरक्षा पर राष्ट्रीय गोष्ठियो का आयोजन करना चाहिए तथा इनमे निगम के सदस्यो तथा अधिकारियो और अन्तर्राष्ट्रीय सामाजिक सुरक्षा संगठन के प्रतिनिधियो को भी आमंत्रित करना चाहिए। संस्थान के विकास का उद्देश्य होना चाहिए ताकि यह सामाजिक सुरक्षा मे प्रशिक्षण के लिए निकटवर्ती क्षेत्रो मे अन्य देशो की आवश्यकताए भी पूरी कर सके।

18 15 सामाजिक सुरक्षा के अन्तर्गत व्यावसायिक जोखिमो के प्रश्न का अध्ययन करने के लिए अन्तर्राष्ट्रीय सामाजिक सुरक्षा संगठन के सदस्यो को एक कार्यचालन ग्रुप का 7 से 10 जुलाई, 1981 तक भारत मे आने की सम्भावना है। निगम उनके आतिथ्य के लिए सहमत हो गया है।

18 16 क० रा० बी० निगम के कार्यचालन के विभिन्न पहलुओं पर विचार करने के उद्देश्य से 20 दिसम्बर से 23 दिसम्बर, 1980 तक क्षेत्रीय निदेशको की एक बैठक हुई थी। केन्द्रीय श्रम तथा योजना मंत्री ने अध्यक्षता की तथा समारोह का उद्घाटन किया और व्याप्ति राज्य सरकारो के साथ सम्पर्क सतर्कता तथा सेवा संगठन के रूप मे क० रा० बी० निगम के महत्वपूर्ण विषयो पर क्षेत्रीय निदेशको को सम्बोधित किया। महानिदेशक ने अपने प्रारम्भिक भाषण मे प्रशासन, बीमा, चिकित्सा तथा लेखा से सबधित विषयो पर व्यापक रूप से प्रकाश डाला। उन्होंने वचन-बद्ध रूप से सामूहिक कार्य की आवश्यकता पर बल दिया। बैठक के दौरान क० रा० बी० निगम को अधिक प्रभावशाली सेवा संगठन बनाने के लिए कार्य प्रक्रिया को शक्तिशाली बनाने तथा व्यवहार मे सुधार लाने, राजस्व शाली करने के [illegible] रिकार्ड रखने लेखा परीक्षा प्रबन्ध [illegible] सभी प्रक्रिया के [illegible] महत्वपूर्ण विषयो पर अर्थपूर्ण विचार-विमर्श किया गया।

अनुबंध 1

31-3-1980 की स्थिति के अनुसार कर्मचारी राज्य बीमा योजना के अधीन (1) योजना के अन्तर्गत आये कर्मचारियो (2) बीमाकृत व्यक्तियो (3) परिवार (बी० व्य०) एककों की संख्या की राज्यवार व्याप्ति की स्थिति का सूचक विवरण

[केवल धारा 2 (12)]

क० स०	राज्य (केन्द्रो की संख्या सहित)	1 योजना के अन्तर्गत आये कर्मचारियो 2 बीमाकृत व्यक्तियो 3. परिवार (बी० व्य०) एककों की संख्या		बीमाकृत महिलाओं की संख्या	लाभाधिकारियों की कुल संख्या	योजना के अन्तर्गत आने वाले कर्मचारियो की संख्या
1	2	3		4	5	6
1	आन्ध्र प्रदेश (44)	(1)	2,40,000	33 150	10,63,100	16,200
		(2)	2,74,000			
		(3)	2,74,000			
2	असम (13)	(1)	32,000	2 000	1 33 700	10 500
		(2)	36,000			
		(3)	36,000			
3	बिहार (29)	(1)	1,40,000	18,150	6,63,500	2 00,000
		(2)	1,71,000			
		(3)	1,71,000			

1	2		3	4	5	6
4.	चण्डीगढ़ (1)	(1)	14,300	850	67,900	—
		(2)	17,500			
		(3)	17,500			
5.	दिल्ली (1)	(1)	2,65,000	22,450	12,80,400	—
		(2)	3,30,000			
		(3)	3,30,000			
6.	गुजरात (15)	(1)	5,50,000	33,150	22,97,000	1,00,000
		(2)	5,92,000			
		(3)	5,92,000			
7.	हरियाणा (18)	(1)	1,94,000	18,650	9,40,990	15,000
		(2)	2,42,500			
		(3)	2,42,500			
8.	हिमाचल प्रदेश (1)	(1)	1,200	50	5,000	4,100
		(2)	1,300			
		(3)	1,300			
9.	जम्मू व काश्मीर	(1)	—	—	—	11,600
		(2)	—			
		(3)	—			
10.	कर्नाटक (18)	(1)	3,00,000	32,800	12,72,600	28,000
		(2)	3,28,000			
		(3)	3,28,000			
11	केरल व माहे (33)	(1)	3,08,000	1,17,250	12,99,800	2,600
		(2)	3,35,000			
		(3)	3,35,000			
12.	मध्य प्रदेश (22)	(1)	1,60,000	15,200	7,76,000	75,000
		(2)	2,00,000			
		(3)	2,00,000			
13.	महाराष्ट्र					
	1. बम्बई क्षेत्र (1)	(1)	11,46,000	81,750	47,33,600	14,000
		(2)	12,20,000			
		(3)	12,20,000			
	2 गोआ (7)	(1)	19,500	1,400	80,300	—
		(2)	20,700			
		(3)	20,700			
	3. नागपुर क्षेत्र (10)	(1)	75,000	2,050	3,18,100	22,000
		(2)	82,000			
		(3)	82,000			
	4. पूना क्षेत्र (15)	(1)	2,43,000	10,400	10,08,800	37,500
		(2)	2,60,000			
		(3)	2,60,000			
14.	उड़ीसा (22)	(1)	1,09,000	11,600	4,50,100	82,000
		(2)	1,16,000			
		(3)	1,16,000			
15.	पाण्डीचेरी (1)	(1)	15,000	1,800	62,100	—
		(2)	16,000			
		(3)	16,000			

1	2		3	4	5	6
16.	पंजाब (27)	(1)	1,65,000	10,100	7,99,300	13,000
		(2)	2,06,000			
		(3)	2,06,000			
17.	राजस्थान (19)	(1)	1,24,000	13,950	6,01,400	11,500
		(2)	1,55,000			
		(3)	1,55,000			
18.	तमिलनाडु (44)	(1)	4,50,000	60,600	20,44,800	32,000
		(2)	5,27,000			
		(3)	5,27,000			
19.	उत्तर प्रदेश (47)	(1)	4,45,000	5,900	19,01,200	34,000
		(2)	4,90,000			
		(3)	4,90,000			
20.	पश्चिमी बंगाल (7)	(1)	9,85,000	45,500	47,72,400	1,48,000
		(2)	12,30,000			
		([illegible])	12,30,000			
21.	समस्त भारत (395)	(1)	59,83,000	5, 8,750	2,65,78,000	8,58,000
		(2)	68,50,000			
		(3)	68,50,000			

अनुबंध–2

कर्मचारी राज्य बीमा योजना

विभिन्न शीर्षों के अन्तर्गत प्रतिव्यक्ति व्यय

	वास्तविक 1978-79 रुपये	वास्तविक 1979-80 रुपये	परिशोधित 1980-81 रुपये	बजट 1981-82 रुपये
1	2	3	4	5
1. नकद हितलाभ :				
बीमारी हितलाभ (विस्तारित बीमारी हितलाभ सहित)	66.27	74.56	84.54	86.90
अस्थायी अपंगता हितलाभ	11.37	11.76	14.39	16.55
स्थायी अपंगता हितलाभ	11.24	11.03	12.60 (क)	14.18
आश्रितजन हितलाभ	2.55	2.99	4.84 (ख)	5.33
प्रसूति हितलाभ	3.14	[illegible].43	3.61	[illegible].72
अन्त्येष्टि हितलाभ	0.17	0.17	0.18	0.18
अन्य हितलाभ	0.24	0.29	0.[illegible]3	0.[illegible]5
अशक्तता हितलाभ	—	—	—	0.16
कुल--नकद हितलाभ	94.98	104 23	120 49	127.37
2. चिकित्सा देखरेख पर व्यय				
(निगम का शेयर)	92.48	107.32	124.70	127.20
3. प्रशासनिक खर्च	17.51	19.27	23.34	24.61
4. अस्पताल, औषधालय (मरम्मत, अनुरक्षण व मूल्य ह्रास)	2.50	3.16	4.18	4.67
5. प्रतिव्यक्ति कुल व्यय	207.47	233.98	272.71	283.85

(क) इस में 1-4-78 से पहले के मामलों के संबंध में 1-4-80 से स्वीकृत वृद्धि के कारण एक मुश्त समायोजन की राशि (2,90.42 लाख रुपये) शामिल नहीं है।

(ख) इस में 1-4-78 से पहले के मामलों के संबंध में 1-4-80 से स्वीकृत वृद्धि के कारण एक-मुश्त समायोजन की राशि (1,59.58 लाख रुपये) शामिल नहीं है।

टिप्पणी : इस विवरण में जो क्षतिग्रस्त कर्मचारियों की वास्तविक संख्या के आधार पर घटनाओं की संख्या निकाली गई है।

अनुबंध—

निर्माणाधीन कर्मचारी राज्य बीमा निगम

क्र० सं०	कार्य का नाम/स्थान	स्वीकृत धनराशि (लाख रुपयों में)	1980-81 के प्रारंभ में प्रत्याशित लक्ष्य	1980-81 के दौरान प्राप्य संभावित उपलब्धियां	1981-82 के लिये लक्ष्य
1	2	3	4	5	6
	अस्पताल				
1.	50 बिस्तर वाला क० रा० बी० अस्पताल गौहाटी, (असम)	56 05	100%	100%	1980-81 में पूर्ण होने की आशा है
2.	50 बिस्तर वाला क० रा० बी० अस्पताल, फुलवारी शरीफ पटना, (बिहार)	25.69	100%	100%	—वही—
3.	50 बिस्तर वाला क० रा० बी० अस्पताल, आदित्यपुर, (बिहार)	49.33	100%	100%	—वही—
4.	200 बिस्तर वाला क० रा० बी० अस्पताल, बड़ौदा, (गुजरात)	1,37.04	100%	100% (केवल अस्पताल के लिये)	100% (केवल अस्पताल के लिये)
5.	150 बिस्तर वाला क० रा० बी० अस्पताल, सूरत, (गुजरात)	90 75	100%	—वही—	—वही—
6.	50 बिस्तर वाला क० रा० बी० अस्पताल, कलोल (गुजरात)	36 87	100%	100%	1980-81 में पूर्ण होने की आशा है।
7.	50 बिस्तर वाला क० रा० बी० अस्पताल, राजकोट, (गुजरात)	38.89	100%	90%	100%
8	100 बिस्तर वाला क० रा० बी० अस्पताल, मैसूर, (कर्नाटक)	66.62	100%	90%	100%
9	300 बिस्तर वाला क० रा० बी० अस्पताल, इन्द्रानगर, बंगलौर (कर्नाटक)	183.00	70%	60%	100%
10.	632 बिस्तर वाला क० रा० बी० अस्पताल, थाना, (महाराष्ट्र)	480.77	100%	85%	100%
11.	50 बिस्तर वाला क० रा० बी० अस्पताल, वेलूर, (तमिलनाडु)	14 54	100%	100%	1980-81 में पूर्ण होने की आशा है
12	100 बिस्तर वाला क० रा० बी० अस्पताल, नैनी, इलाहाबाद (उ० प्र०)	133 40	100%	100%	—वही—
13	100 बिस्तर वाला क० रा० बी० अस्पताल, गाजियाबाद, (उ० प्र०)	117.08	100%	100%	1980-81 में पूर्ण होने की आशा है।
14.	100 बिस्तर वाला क० रा० बी० अस्पताल, आगरा, (उत्तर प्रदेश)	117.93	100%	100%	—वही—
15.	100 बिस्तर वाला क० रा० बी० अस्पताल, लखनऊ, (उत्तर प्रदेश)	110.63	100%	100%	—वही—
16.	150 बिस्तर वाला क० रा० बी० अस्पताल, (क्षयरोग), आसनसोल, (प० बंगाल)	67.58	100%	100%	—वही—
17.	250 बिस्तर वाला क० रा० बी० अस्पताल, (क्षयरोग), (बंबेल) (प०बंगाल)	179 62	100%	100%	—वही—
18	50 बिस्तर वाला क० रा० बी० अस्पताल, महाराजपुर, (उ० प्रदेश)	27 69	25%	25%	100%
19.	120 बिस्तर वाला क० रा० बी० अस्पताल, शोलापुर, (महाराष्ट्र)	95.44	—	10%	80%
20	60 बिस्तर वाला क० रा० बी० अस्पताल, कोटा, (राजस्थान)	81.02	—	—	50%
21.	मौजूदा क० रा० बी० अस्पताल मंगलौर (कर्नाटक), में अतिरिक्त 40 बिस्तर	17.20	100%	100%	1980-81 में पूर्ण होने की आशा है
22	मौजूदा क० रा०बी० अस्पताल, पाकुनगर कानपुर में अतिरिक्त 100 बिस्तर	31.89	50%	30%	100%
22.	50 बिस्तर वाला क० रा० बी० अस्पताल, तथा 4 डा० वाला औरजालर राजा मुंद्री, (आंध्र प्रदेश)	43 58	40%	40%	100%
24	दूसरा क० रा० बी० अस्पताल, हैदराबाद, (आंध्र प्रदेश)	—	—	—	—
25.	क० रा० बी० अस्पताल, गौहाटी, (असम)	56.05	100%	100%	—
26	क० रा० बी० अस्पताल, राची, (बिहार)	20.20	—	—	—
27	क० रा० बी० अस्पताल, शिलमिल, दिल्ली	2.07	—	—	—
28	क० रा० बी० अस्पताल, बसईदारापुर, (दिल्ली)	—	—	—	—
29	क० रा० बी० अस्पताल, भावनगर, (गुजरात)	4.25	—	—	—
30	फरीदाबाद (हरियाणा) अस्पताल, में अतिरिक्त स्टाफ क्वार्टर्स	30.66	—	—	—
31.	100 बिस्तर वाला क० रा० बी० अस्पताल, बल्लभ गढ़, (हरियाणा)	0 01	—	—	—
32	राजाजी नगर (कर्नाटक), अस्पताल में अतिरिक्त स्टाफ क्वार्टर्स	24 77	—	—	—

3

कार्यों की प्रगति का सूचक विवरण

1979-80 तक किया गया व्यय	1980-81 के लिए मूल वित्तीय लक्ष्य लाख रुपयों में	1980-81 के लिये परिशोधित वित्तीय लक्ष्य	1981-82 के लिये वित्तीय लक्ष्य	वित्तीय लक्ष्य कार्य शुरू होने की तारीख	वित्तीय लक्ष्य पूर्ण होने का प्रत्याशित वर्ष	
7	8	9	10	11	12	
	(लाख रुपयों में)					
50.00	6.00	6.00	—	अगस्त 77	1980-81	
25.62	—	—	—	2-10-77	1980-81	
49.33	—	—	—	1-10-78	1980-81	
96.21	—	25.00	15.83	20-12-76		
70.85	19.90	10 00	9 90	25-8-77	1981-82	
24.40	7.00	12 47	—	15-3-78	1980-81	
26.27	6.66	7.62	5.00	11-3-78	1981-82	
55 00	—	5.00	6.62	16-8-76	1981-82	
60.00	75.00	50.80	73.00	1-5-78	1982-83	
285 00	195.00	50.00	60.00	7-1-77	1981-82	पहला चरण
					1983-84	दूसरा चरण
14.13	—	0.41	—	28-9-77	1980-81	
81.41	30.27	43.57	8.42	5-11-76	1980-81	अस्पताल
					1981-82	क्वार्टर
86.10	18.45	30.98	—	जनवरी, 78	1980—81	
112.17	22 93	5.76	—	सितम्बर, 76	1980—81	
85.00	18.40	25.63	—	28-1-78	1980—81	
65.03	—	2.55	—	नवम्बर 75	1980—81	
122.08	44.45	57.54	—	अगस्त 76	1980—81	
7.00	7.00	7.00	13 69	1980	1981—82	
4.00	8 00	8.00	50.00	1979	1982—83	
—	5 00	5.00	40.00	1980	1982—83	
10.00	7.20	7.20	—	1979	1980—81	
8.00	8.00	8.00	15.89	1980	1981—82	
10.00	10.00	15 00	18.58	1980	1981—82	
—	—	10.00	5.00	शुरू नहीं किया गया	—	
50.00	6.05	6.05	—	अगस्त, 77	1980—81	
0.40	10 00	10.00	8.00	अभी शुरु नहीं किया गया	1982—83	
2.07	—	5.00	10.00	—	1983—84	
—	4.00	4.00	4.00	अभी शुरु नहीं किया गया	—	
4.25	5.00	5.00	15.00	-वही-	—	
24.24	5.00	5.00	2.00	24-11-78	1981—82	
9.08	2.00	2 00	5.00	अभी शुरू नहीं किया गया	—	
13.20	11.57	8.00	3.57	24-4-79	1981—82	

क्रम सं०	कार्य का नाम/स्थान	स्वीकृत धनराशि (लाख रुपयों में)	1980-81 के प्रारंभ में प्रत्याशित लक्ष्य	1980-81 के दौरान प्राप्य संभावित उपलब्धियां	1981-82 के लिये लक्ष्य
1	2	3	4	5	6
33.	क० रा० बी० अस्पताल, दावनगेरे, (कर्नाटक)	5.18	—	—	—
34.	क० रा० बी० अस्पताल, हुबली, (कर्नाटक)	1.68	—	—	—
35.	क० रा० बी० अस्पताल, चूंगम फिरोक, (केरल)	3.49	—	—	—
36.	50 बिस्तर वाला अस्पताल, ब्रजराजनगर, (उड़ीसा)	21.39	—	—	—
37.	क० रा० बी० अस्पताल, दक्षिण मद्रास, (तमिलनाडु)	2,05.83	—	—	—
38.	25 बिस्तर वाला अस्पताल तथा 4 डा० वाला औषधालय, जेकैपुर, (उड़ीसा)	39.59	100%	100%	—
39.	50 बिस्तर वाला अस्पताल, अलीगढ़, (उत्तर प्रदेश)	—	—	—	—
40.	50 बिस्तर वाला अस्पताल, वाराणसी, (उत्तर प्रदेश)	22.73	—	—	—
41.	100 बिस्तर वाला अस्पताल, शास्त्री नगर, कानपुर, (उ० प्रदेश)	14.12	—	—	—
42.	100 बिस्तर वाला अस्पताल, किदवईनगर, (उत्तर प्रदेश)	13.54	—	—	—
43.	क० रा० बी० अस्पताल, मानिकटोला, (पश्चिमी बंगाल)	2,23.85	—	—	—
44.	क० रा० बी० अस्पताल, उलूबेरिया, (पश्चिमी बंगाल)	52.74	—	—	—
45.	क० रा० बी० अस्पताल, बज बज, (पश्चिमी बंगाल)	1,16.33	—	—	—
46.	क० रा० बी० अस्पताल ठाकुरपुकुर, (पश्चिमी बंगाल)	1,52.06	—	—	—
क. रा. बीमा अनैक्सियां					
1.	20 बिस्तर वाली क० रा० बी० अनैक्सी तिनसुकिया (असम)	22.85	100%	100%	1980-81 में पूर्ण होने की आशा है
2.	32 बिस्तर वाली क० रा० बी० अनैक्सी, राबर्ट मोनपट (के जी एफ), (कर्नाटक)	2.66	100%	100%	-वही-
3.	20 बिस्तर वाली क० रा० बी० अनैक्सी, कोलरेर, (बिहार)	2.91	—	—	—
क.० रा० बी० औषधालय					
1.	5 डा० वाला औषधालय, मालेपल्ली, हैदराबाद, (आंध्र प्रदेश)	11.54	100%	100%	1980-81 में पूर्ण होने की आशा है
2.	3 डा० वाला औषधालय, विजयानगरम, (आंध्र प्रदेश)	9.25	100%	100%	-वही-
3.	2 डा० वाला औषधालय, पेडाकाकनी, (आंध्र प्रदेश)	4.29	100%	100%	-वही-
4.	4 डा० वाला औषधालय (क० रा० बी० अनैक्सी सहित) तिनसुकिया (असम) अनैक्सी के अधीन व्यवस्था की गई		100%	100%	-वही-
5.	2 डा० वाला औषधालय, मुंगेर, (बिहार)	5.30	100%	70%	100%
		(निर्माण एजेंसी के विरुद्ध ठेकेदार के न्यायालय में जाने से कार्य रुका पड़ा है)।			
6.	6 डा० वाला औषधालय, कटिहार, (बिहार)	4.95	100%	100%	-वही-
7.	5 डा० वाला औषधालय, लालदरवाजा सूरत, (गुजरात)	14.16	100%	100%	-वही-
		(ठेकेदार और गुजरात आवास बोर्ड के बीच विवाद के कारण निर्माण कार्य रुका पड़ा है और ठेकेदार ने रोकने के आदेश ले लिये हैं)			
8.	2 डा० वाला औषधालय (भूखण्ड सं० 12 तथा 13) सैक्टर 27 बी० फरीदाबाद, हरियाणा	13 11	100%	80%	100%
9.	5 डा० वाला औषधालय, चेलापुरम, (केरल)	4.75	100%	100%	1980-81 में पूर्ण होने की आशा है
10.	5 डा० वाला औषधालय, अलगपा नगर, (केरल).	8.57	100%	50%	100%
11.	3 डा० वाला औषधालय, हीराकुंड, (उड़ीसा)	14.96	100%	100%	1980-81 तक पूर्ण होने की आशा है।
12.	2 डा० वाला औषधालय, राजपुरा, (पंजाब)	6.71	100%	80%	100%
13.	3 डा० वाला औषधालय, खरड़, (पंजाब)	5.63	100%	100%	1980-81 तक पूर्ण होने की आशा है
14.	5 डा० वाला औषधालय, कोटा, (राजस्थान)	9.41	100%	100%	-वही-
15.	मुख्य चिकित्सा अधीक्षक व क्षे० प्र० चि० अ० के कार्यालय, मदुरई, (तमिलनाडु)	7.56	100%	80%	100%
16.	5 डा० वाला क० रा० बी० औषधालय, जूही कानपुर, (उ० प्र०)	7.99	100%	60%	100%
17.	2 डा० वाला औषधालय, चकई, (केरल)	3.58	100%	60%	100%
18.	3 डा० वाला औषधालय, पैरमबूर, (केरल)	5.38	100%	60%	100%

1979-80 तक किया गया व्यय	1980-81 के लिए मूल वित्तीय लक्ष्य	1980-81 के लिए परिशोधित वित्तीय लक्ष्य	1981-82 के लिए वित्तीय लक्ष्य	वित्तीय लक्ष्य: कार्य शुरू होने की तारीख	वित्तीय लक्ष्य: पूर्ण होने का प्रत्याशित वर्ष
7	8	9	10	11	12
		(लाख रुपयों में)			
2.62	2.56	10.18	15.00	--	--
1.63	2.04	2.04	3.00	अभी तक शुरू नहीं किया गया	—
3.49	—	5.00	15.00	-वही-	--
9.09	3.00	3.00	9.30	1-1-71	1981-82
196.72	4.00	4.00	5.11	4-12-75	1981-82
					(आंशिक रूप से चालू किया गया)
37.00	2.59	2.59	—	27-9-76	1-8-79 को चालू किया गया
—	2.00	2.00	10.00	अभी शुरू नहीं किया गया	—
—	5.76	10.00	5.00	-वही-	1982-83
—	12.77	14.12	5.00	-वही-	—
—	12.25	13.54	5.00	-वही-	—
209.89	10.00	10.24	3.72	जुलाई,73	1-3-79 से चालू किया गया
47.05	1.54	5.69	—	14-5-62	चालू किया जा चुका है।
104.66	6.15	6.15	5.52	22-3-66	चालू किया जा चुका है।
4.94	10.00	10.00	10.00	—	—
क० रा० बी० अनैक्सियों					
18.00	—	4.85	—	25-8-77	1980-81
2.00	0.66	0.66	—	मार्च, 76	1980-81
—	1 00	1.60	1 91	शुरू नहीं किया गया	1981-82
क० रा० बी० औषधालय					
6 00	5 54	5 54	—	1977	1980-81
6.00	3.25	3.25	—	18-1-78	1980-81
2.00	2.29	2.29	—	1978	1980-81
कार्य अनैक्सी के अन्तर्गत शुरू किया गया।			—	25-8-77	1980-81
2.87	—	1 00	1 43	अनवरी,70	1981-82
4.95	—	—	—	1978	1980-81
9.22	4 94	4.94	—	25-10-74	1980-81
8.00	4.11	3.00	2.11	1978	1981-82
3.44	2 75	1.31	—	1978	1980-81
2.02	4.55	2.00	4.55	1978	1981-82
14.78	—	0.18	—	1.10.77	1980-81
4.00	2 71	1 00	1.71	1978	1981-82
4 00	2 63	1.63	—	1978	1980-81
9.41	—	—	—	10.3.78	1980-81
4.00	2.00	2 00	1 56	1978	1981-82
4.00	2 59	1.00	2.99	1978	1981-82
1.00	1.58	1.00	1.58	1978	1981-82
1.18	1.27	2.00	2.20	28.9.77	1981-82

क्र० सं०	कार्य का नाम/स्थान	स्वीकृत धनराशि (लाख रुपयों में)	1980-81 के प्रारंभ में प्रत्याशित लक्ष्य	1980-81 के दौरान प्राप्य संभावित उपलब्धियां	1981-82 के लिए लक्ष्य
19.	दो 4 डा० वाले क० रा० बी० औषधालय, कोटॅनमेंट (कर्नाटक)	9.50	100%	55%	100%
20.	4 डा० वाला औषधालय, जयनगर 4 ब्लाक (कर्नाटक)	6.25	100%	100%	100%
21.	4 डा० वाला औषधालय, इन्द्रानगर 2 राज्य, इन्द्रानगर, बंगलौर (कर्नाटक)	9.27	100%	100%	1980-81 में पूर्ण होने की आशा है।
22.	4 डा० वाला औषधालय, विवेक नगर (कर्नाटक)	9.27	100%	50%	100%
23.	4 डा० वाला औषधालय, जयराजन कालोनी (कर्नाटक)	9.27	100%	100%	1980-81 में पूर्ण होने की आशा है।
24.	4 डा० वाला औषधालय, मैसूर रोड (कर्नाटक)	9.42	100%	100%	-वही-
25.	4 डा० वाला औषधालय, विलियम टाउन (कर्नाटक)	9.40	100%	100%	-वही-
26.	4 डा० वाला औषधालय, आडुगोडी (कर्नाटक)	9.35	100%	60%	100%
27.	4 डा० वाला औषधालय, श्री रामपुरम (कर्नाटक)	9.50	100%	60%	100%
28.	4 डा० वाला औषधालय, यशवंतपुरम (कर्नाटक)	10.40	100%	100%	1980-81 में पूर्ण होने की आशा है।
29.	दो 4 डा० वाले क० रा० बी० औषधालय, अजनेय स्वामी मंदिर (कर्नाटक)	9.65	100%	100%	-वही-
30.	4 डा० वाला औषधालय, ब्लाक जयनगर (कर्नाटक)	9.35	100%	60%	100%
31.	दो 4 डा० वाला औषधालय, हेंस रोड (कर्नाटक)	9.39	100%	100%	1980-81 में पूर्ण होने की आशा है।
32.	4 डा० वाला औषधालय, फ्रेजर टाउन (कर्नाटक)	9.95	100%	100%	-वही-
33.	4 डा० वाला क० रा० बी० औषधालय एवं 5 फरीदाबाद (हरियाणा)	12.50	100%	100%	-वही-
34.	5 डा० वाला क० रा० बी० औषधालय, अम्बावड़ी जयपुर (राजस्थान)	7.28	100%	50%	100%
35.	3 डा० वाला औषधालय, सतपुर नासिक (महाराष्ट्र)	5.09	100%	100%	1980-81 में पूर्ण होने की आशा है।
36.	प्र० चि० अ० कार्यालय, जयपुर (राजस्थान)	5.65	100%	100%	वही-
37.	2 डा० वाला औषधालय, अजमेर (राजस्थान)	4.60	100%	40%	100%
38.	2 डा० वाला औषधालय, खन्ना (पंजाब)	5.69	100%	15%	100%
39.	3 डा० वाला औषधालय, गुड़गांव (हरियाणा)	5.95	40%	100%	100%
40.	5 डा० वाला औषधालय, प्रतापनगर (गुजरात)	9.20	40%	40%	100%
41.	3 डा० वाला औषधालय, डाबरीकला लुधियाना (पंजाब)	4.61	20%	20%	100%
42.	4 डा० वाला औषधालय, भरतपुर (राजस्थान)	7.18	15%	15%	100%
43.	औषधालय, जोगीगोपा (असम)	8.20	--	—	—
44.	औषधालय, मंगोलपुरी (दिल्ली)	1.30	.	..	—
45.	औषधालय, पिंजौर (हरियाणा)	14.84	--	-	—
46.	औषधालय, 2 एलपार्क एन आई टी फरीदाबाद (हरियाणा)	0.42	-.	- .	—
47.	औषधालय, दयावसंधरा बंगलौर (कर्नाटक)	0.56		--	—
48.	औषधालय, तुंगभद्रा डैम (कर्नाटक)	9.18		-	..
49.	औषधालय, देवास मध्यप्रदेश	3.43	—	—	—
50.	औषधालय, राऊरकेला (उड़ीसा)	10.83	100%	100%	—
51.	औषधालय, राजपुरा (पंजाब)	6.71	100%	70%	100%
52.	औषधालय, मंडी गोबिन्दगढ़ (पंजाब)	0.22	—	—	—
53.	औषधालय, मुदलियारपेट पांडीचेरी (तमिलनाडु)	22.32	—	—	-
54.	2 डा० वाला औषधालय, गांधी नगर (राजस्थान)	2.60		.	.
55.	औषधालय, उसलामपटी (तमिलनाडु)	7.07	100%	5-9-79 को चालू किया गया	—
56.	औषधालय, ताम्बरम (तमिलनाडु)	11.27	100%	100%	—
57.	औषधालय, पेराम्बूर-III (तमिलनाडु)	25.41	100%	100%	—
58.	औषधालय, कादमबक्कम (तमिलनाडु)	19.72	—	—	—
